## लॉकडाउन के दौरान कायम रहे फिटनेस, यूं पसीना बहा रहे हैं ऋषभ पंत



**मैदान पर अभी भी करे रहें हैं संघर्ष**

क्रिकेट की बात करें तो न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में दिल्ली का ऋषभ पंत बल्लेबाज प्रभावित करने में नाकाम रहा था। अन्य भारतीय बल्लेबाजों की तरह वह भी कीवी मैदान पर संघर्ष करते दिखे थे।

**एजसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। ऋषभ पंत भी अन्य भारतीय क्रिकेटरों की तरह लॉकडाउन के वक्त में घर पर ही वक्त बिता रहे हैं। कोरोनावायरस (कोविड–19) महामारी के चलते देशभर में 21 दिन के लॉकडाउन कर दिया है। ऐसे में क्रिकेटर्स की फिटनेस बनाए रखने के लिए उन्हें खास ट्रेनिंग प्रोग्राम दिया गया है। पंत भी इसी प्रयास में हैं कि इस मुश्किल वक्त में वह फिटनेस बनाए रखें। बीसीसीआई के आधिकारिक ट्विटर हैंडल में पंत का एक विडियो शेयर किया गया है जिसमें वह घर पर ही वर्कआउट कर रहे हैं। बीसीसीआई ने इस विडियो के साथ कैप्शन दिया है, इनडोर वर्कआउट में देखिए। पंत इस विडियो में ट्रेडमिल पर दौड़ रहे हैं और अन्य एक्सरसाइज कर रहे हैं। पंत पिछले कुछ समय से सोशल मीडिया पर काफी ऐक्टिव हैं। दिल्ली कैपिटल्स के इस खिलाड़ी ने प्रधानमंत्री द्वारा लगाए गए 21 दिनों के लॉकडाउन का समर्थन किया था।

# डर है कहीं आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप पर न पड़ जाए कोरोना का साया

## आईपीएल पर संकट के बादल हैं, ओलिंपिक को अगले साल के लिए टाला

**कोरोना संकट**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन को लगता है कि कोविड–19 कोरोनावायरस ने पूरी दुनिया को मुश्किल में डाल दिया है। और ऐसा वक्त पहले कभी नहीं आया है। उन्होंने कहा इसके चलते इस साल के अक्टूबर–नवंबर में ऑस्ट्रेलिया में होने वाला टी20 वर्ल्ड कप भी रद्द हो सकता है। कोविड–19 के कारण दुनियाभर में 20 हजार से ज्यादा लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। सारी दुनिया ठहर गई है और इसकी वजह से खेल के कई बड़े आयोजन भी रद्द या स्थगित हो गए हैं। आईपीएल पर संकट के बादल हैं और ओलिंपिक को अगले साल के लिए टाल दिया गया है। वॉन ने गुरुवार को फॉक्स लीग लाइव में कहा, जब हम खेल के बारे में बात करना शुरू करें तो यह ध्यान रखना चाहिए कि यह समय प्राथमिकता नहीं है। इस समय



दुनिया के कई लोग जिस समस्या से जूझ रहे हैं उसे पहले देखना चाहिए।श आपको उम्मीद करनी चाहिए कि तब तक सब ठीक हो जाएगा लेकिन आप कुछ कह नहीं सकते। आप नहीं जानते उस समय कैसे हालात होंगे। यह अभूतपूर्व वक्त है। हमें मिलने वाली सलाह रोज बदल रही है। दो सप्ताह पहले तक हम सोच रहे थे कि यह

**कोरोना का बढ़ता खतरा**

दुनियाभर में जानलेवा वायरस से संक्रमित लोगों की तादाद बढ़कर पांच लाख से अधिक हो गई है और 22,000 के अधिक लोग इस महामारी का शिकार बनकर दम तोड़ चुके हैं। भारत में भी इस वायरस से शिकार लोगों की तादाद 700 के पार चली गई है।

बहुत बुरा फ्लू है, लेकिन बादल में हमें अहसास हुआ कि यह इससे काफी बुरा है।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख केविन रॉबर्ट्स ने पहले कहा था कि उन्हें उम्मीद है कि टी20 वर्ल्ड कप सामान्य परिस्थितियों में क्रिकेट वर्ल्ड कप तय वक्त पर खेला जा सकता है। ऑस्ट्रेलिया में फरवरी में सफलतापूर्वक महिला टी20 वर्ल्ड कप का आयोजन हुआ था। अक्टूबर की 18 से 23 तारीख के बीच इस टूर्नामेंट के प्री–क्वॉलिफायर खेले जाएंगे और उसके बाद 24 अक्टूबर से 12 टीमों का मुख्य टूर्नामेंट खेला जाना है। 8 मार्च को हुए महिला टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल को देखने के लिए मेलबर्न के मैदान पर 86000 दर्शक मौजूद थे।

**टी20 विश्व कप की तैयारी के लिए सर्वश्रेष्ठ है आईपीएलः लैंगर**

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर का मानना है कि टी20 विश्व कप की तैयारी के लिए आईपीएल सर्वश्रेष्ठ मंच है लेकिन स्वीकार किया कि मौजूदा माहौल में सेहत सर्वोपरि है। इंडियन प्रीमियर लीग 29 मार्च से शुरू होने वाली थी जिसे कोविड 19 महामारी के कारण 15 अप्रैल तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। लैंगर ने फॉक्सस्पोर्टर्स डॉट कॉम डॉट एयू पर कहा, 'इस संकट से पहले हम तय कर चुके थे कि हमारे खिलाड़ी आईपीएल खेलेंगे क्योंकि टी20 विश्व कप की तैयारी के लिए इससे बेहतर टूर्नामेंट नहीं हो सकता।'

# सचिन तेंडुलकर ने कोविड–19 से जंग के लिए की 50 लाख रुपये की मदद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



नई दिल्ली। दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंडुलकर ने शुक्रवार को कोविड–19 वायरस से लड़ने के लिए 50 लाख रुपये दान करने की घोषणा की। इस बीमारी के चलते भारत में अभी तक 18 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। अभी तक किसी भारतीय खिलाड़ी द्वारा इस बीमारी से लड़ने के लिए दी गई यह सबसे बड़ी रकम है।

मामले की जानकारी रखने वाले एक करीबी सूत्र ने समाचार एजेंसी पीटीआई को बताया, सचिन तेंडुलकर ने प्रधानमंत्री राहत कोष और मुख्यमंत्री राहत कोष में 25–25 लाख रुपए देने का फैसला किया है। यह रकम कोविड–19 से लड़ने में मदद के रूप में दी गई है। यह उनका फैसला था कि वह दोनों फंड में सहयोग करना चाहते थे। तेंडुलकर चौरिटी से जुड़े रहे हैं और सामाजिक कार्यों में सहयोग करते रहते हैं। हालांकि ज्यादातर मामलों में ये बातें सामने नहीं आ पातीं।

सचिन के अलावा पठान बंधुओं– इरफान और युसुफ ने बड़ौदा पुलिस और हेल्थ डिपार्टमेंट को 4000 फेस मास्क दिए हैं। वहीं महेंद्र सिंह धोनी ने भी पुणे के एक एनजीओ के जरिए 1 लाख रुपये दिए हैं।

इसके अलावा पहलवान बजरंग पूनिया, धावक हीमा दास और पीवी सिंधु ने भी इस बीमारी से लड़ने के लिए योगदान दिया है।

## अख्तर ने कोरोना वायरस से लड़ने वाले मेडिकल स्टाफ को सराहा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पाकिस्तान। पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने कोरोना वायरस से लड़ रहे डॉक्टर्स की दिल खोलकर तारीफ की है। अख्तर ने कहा है कि इस वैश्विक महामारी से लड़ रहे डॉक्टर जो कर रह हैं वह किसी श्जेहादश से कम नहीं है।

अख्तर ने गुरुवार को अपने यू–ट्यूब चौनल पर कोरोना वायरस के इलाज में जुटे डॉक्टरों, नर्सों और अन्य मेडिकल स्टाफ की तारीफ की। उन्होंने मेडिकल स्टाफ के बारे में कहा कि आप लोग अपनी जान खतरे में डालकर हमारी जान बचाने में जुटे हैं। उन्होंने कहा कि भारत से लेकर इटली, अमेरिका, इंग्लैंड, बांग्लादेश और दुनिया के 190 मुल्कों में फैल चुके इस वायरस से लड़ने के लिए डॉक्टर जूझ रहे हैं। यह असली जिहाद है और यही मानवता की सेवा है। उन्होंने कहा कि शुक्रवार शाम मेडिकल स्टाफ के प्रति अपना समर्थन जताने के लिए हम अपने घरों की छतों पर सफेद झंडा लगाएंगे। उन्होंने कहा कि मुश्किल वक्त में कौम खड़ी होती हैं और जुड़ती हैं। अख्तर ने कहा कि यह वायरस मजहब नहीं देख रहा है।

## न्यूज डायरी




### तोक्यो 2020 के लिये क्वालीफाई कर चुके खिलाड़ी 2021 में भी खेलेंगे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेरिस। तोक्यो ओलिंपिक 2020 के लिए क्वॉलिफाइ कर चुके खिलाड़ियों के कोटा स्थान खेलों के एक साल के लिए स्थगित होने के बावजूद सुरक्षित रहेंगे। सूत्रों ने यह जानकारी दी। तोक्यो ओलंपिक में भाग लेने वाले 11000 में से 57 प्रतिशत खिलाड़ी क्वॉलिफाइ कर चुके हैं। कोविड–19 महामारी के कारण मंगलवार को खेलों को एक साल के लिए स्थगित कर दिया गया। आईओसी और 32 अंतरराष्ट्रीय खेल महासंघों की गुरुवार को हुई टेलि कॉन्फ्रेंस में भाग लेने वाले एक अधिकारी ने कहा, 'आईओसी अध्यक्ष थॉमस बाक ने खेलों को स्थगित करने के फैसले का कारण बताया। इसके बाद कहा कि तोक्यो 2020 के लिये क्वालीफाई कर चुके खिलाड़ी 2021 में भी खेलेंगे।' सूत्र ने कहा, 'बातचीत में क्वॉलिफिकेशन का मसला प्रमुख था । कुछ महासंघों में कई खिलाड़ी अभी तक क्वालीफाई नहीं कर सके हैं और उसके लिए कम से कम तीन महीने का समय चाहिए।'

### लॉकडाउन के दौरान सहवाग बच्चों के साथ खेल रहे लूडो, सांप–सीढ़ी और चिड़िया–उड़

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कोरोना वायरस से बचाव के कारण खेल जगत की दिग्गज हस्तियां इस समय लॉकडाउन के चलते घरों में ही समय बिता रही हैं। इसी में पूर्व भारतीय धुरंधर ओपनर वीरेंदर सहवाग का भी नाम आता है। सहवाग फिलहाल अपने परिवार के साथ घर पर हैं और अपने दोनों बच्चों के साथ काफी समय बिता रहे हैं। एक शो में 41 वर्षीय सहवाग ने बताया कि वह घर पर रहने के दौरान क्या–क्या कर रहे हैं। इस वीडियो में सहवाग से जब पूछा गया कि वह घर पर क्या–क्या कर रहे हैं तो उन्होंने कहा, श्परिवार के संग समय बिताना, लूडो खेलना, सांप–सीढ़ी, कैरम बोर्ड, अपने पालतू कुत्तों के साथ खेलना और बच्चों के साथ कुछ–कुछ खेल खेलता हूं। उन्होंने साथ ही बताया कि उनके घर में 12–13 सैनिटाइजर की बोतल हैं। उन्होंने कहा, जब भी कोई मेरे घर आता है तो वह हाथ धोता है और जो ऐसा नहीं करता, उसे सैनिटाइजर इस्तेमाल करना होता है।

### कोविड–19 के कारण भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी ताकेमी स्पेन में फंसी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कोलकाता। भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी ताकेमी सरकार कोविड–19 महामारी के चलते उड़ानों की आवाजाही बंद होने के कारण स्पेन में फंसे हुई हैं जहां वह स्पेनिश लीग में खेलने गई थीं। वह स्पेन की राजधानी मैड्रिड से लगभग 12 किमी दूर स्थित मालेगा में स्पेनिश टेबल टेनिस लीग में खेलने के लिए गई थीं। पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी की रहने वाली 14वीं रैंकिंग की भारतीय खिलाड़ी को 24 मार्च को वापस लौटना था। इस 28 वर्षीय खिलाड़ी ने ऑडियो संदेश में कहा, 'मैं सुरक्षित हूं। मेरे क्लब के सदस्य काफी सहयोग कर रहे हैं। वे मुझे भोजन और अन्य जरूरी सामान मुहैया करा रहे हैं।' उन्होंने कहा, 'मैं स्वदेश से मिलने वाले समर्थन से भी खुश हूं। मेरे कोच और संघ के अधिकारी लगातार मेरे संपर्क में हैं। मुझे 11 मई का टिकट मिला है और उम्मीद है कि तब तक स्थिति सामान्य हो जाएगी और मैं वापस लौट जाऊंगी।'

### प्रिंस चार्ल्स से मिलने के बाद सेल्फ आइसोलेशन में गया वर्ल्ड चौंपियन बॉक्सर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। वर्ल्ड हेवीवेट बॉक्सिंग चौंपियन एंथनी जोशुआ ने खुद को कोरोनावायरस के शिकार प्रिंस चार्ल्स से मुलाकात के बाद सेल्फ–आईसोलेशन में रहने के फैसला लिया है। ब्रिटेन की महारानी क्वीन एलिजाबेथ प्प के बड़े बेटे चार्ल्स को भी कोरोना वायरस पॉजीटिव पाया गया है। वह इस समय स्कॉटलैंड में सेल्फ–आइसोलेशन में हैं। जोशुआ के एक प्रवक्ता ने इंग्लैंड के अखबार डेली मेल को बताया, श्ऐजे घर पर ही हैं और सरकार के दिशा–निर्देशों का पालन कर रहे हैं। उन्होंने सभी पीड़ितों के जल्द ठीक होने की कामना की है। जोशुआ 20 जून से अपना आईबीएफ, डब्ल्यूबीए और डब्ल्यूबीओ हेवीवेट टाइटल बचाने के लिए चौलेंजर कुबरत पुलेव के खइलाफ टॉन्टम हॉटस्पर स्टेडियम में उतरना है। लेकिन कोरोनावायरस के चलते इसमें देरी हो सकती है।